तुम मेरे हो मैं तेरा हूँ | by Tushar Sharma

तुम मेरे हो बाबा मेरे हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम मात पिता तुम गुरु मेरे
तुम प्रेमी हो तुम मित्र मेरे
तुम ईश्वर हो परमेश्वर हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम आज मेरे तुम ही कल हो
तुम अन्न मेरे तुम ही जल हो
तुम जन्म मेरे और अंत भी हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम प्यारे हो तुम न्यारे हो
तुम हो आँखों के तारे हो
तुम चाँद मेरे तुम सूरज हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम ही दीपक तुम बाती मेरे
तुम सुख दुःख के हो साथी मेरे
तुम राह मेरी तुम मंज़िल हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम स्वांस मेरे तुम ख़ास मेरे
तुम पास मेरे तुम साथ मेरे
तुम धड़कन हो तुम जीवन हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

तुम गीत मेरे संगीत मेरे
तुम भाव मेरे तुम चाव मेरे
तुम ही सुख हो तुम ही धन हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

बल्लू कहता तुम नाम मेरे

तुम काम मेरे सम्मान मेरे
तुम हिम्मत हो तुम ही बल हो
बस मेरे हो बाबा मेरे हो
मैं तेरा हूँ बाबा तेरा हूँ
जैसा भी हूँ बाबा तेरा हूँ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-by-tushar-sharma/